भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1425

गुरूवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

एनईआर में पारिस्थितिक-पर्यटन (ईको-टूरिज्म़) को बढ़ावा दिया जाना

1425 श्री जोगेन मोहनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में पारिस्थितिक-पर्यटन (ईको-टूरिज्म) परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान असम में संस्वीकृत पारिस्थितिक-पर्यटन (ईको-टूरिज्म) परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ऐसी परियोजनाओं में स्थानीय समुदायों और स्वयं सहायता समूहों को शामिल किया जा रहा है; और

(घ) इस क्षेत्र में संधारणीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पारिस्थितिक-पर्यटन (ईको-टूरिज्म़) सहित पर्यटन स्थलों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - एसडी 2.0 की एक उप-योजना, और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)- वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना नामक अपनी पहल के तहत वर्ष 2024-25 में पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। यह परियोजनाएं योजना संबंधी दिशानिर्देशों एवं सरकारी निर्देशों के अनुपालन, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन स्वीकृत की जाती हैं।

पर्यटन मंत्रालय, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली समीक्षा बैठकों के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में चल रही अपनी स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी करता है। इसके साथ ही, पर्यटन मंत्रालय ने एक कार्यक्रम प्रबंधन सूचना प्रणाली (पीएमआईएस) तैयार की है, जो मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के हिस्से के रूप में शुरू की गई परियोजनाओं के संबंध में निर्बाध सूचना संचार, साझाकरण और रिपोर्टिंग प्रणाली को सुविधाजनक बनाने के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है। पर्यटन मंत्रालय और राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों सहित इस प्रणाली का अभिन्न अंग हैं।

ईको-पर्यटन परियोजनाओं सहित असम राज्य में उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

स्वदेश दर्शन 2.0 और सीबीडीडी योजना के दिशानिर्देशों में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन के विभिन्न पहलू शामिल हैं। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने "सतत पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति" भी तैयार की है।

पर्यटन मंत्रालय स्थायी, जिम्मेदार पर्यटन संबंधी कार्यपद्धतियों सहित भारत का एक समग्र पर्यटन स्थल के रूप संवर्धन करता है। मंत्रालय सोशल मीडिया, वेबसाइटों और मेलों और प्रदर्शनियों आदि में भागीदारी सहित विभिन्न माध्यमों के द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा देता है।

मंत्रालय पर्यटकों की संख्या को बढ़ाने, स्थानीय रोजगार सृजन और समग्र पर्यटक संतुष्टि में वृद्धि करने के उद्देश्य से नियमित रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ने और पूरी की गई परियोजनाओं के मजबूत संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) को सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

****

अनुबंध

श्री जोगेन मोहन द्वारा एनईआर में पारिस्थितिक-पर्यटन (ईको-टूरिज्म़) को बढ़ावा दिए जाने के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1425 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(i) असम राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं विवरण:

क्र.सं.	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	वन्यजीव परिपथ 2015-16	मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास	94.68
2.	विरासत परिपथ 2016-17	तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास	90.98

(ii) असम राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड अनुभव	2023-24	26.68
2.	जोरहाट	रीइमैंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	2023-24	23.88

(iii) असम राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

क्र.सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	शिवसागर (ईको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल)	पाणिधिंग पक्षी अभयारण्य	2024-25	9.99

(iv) असम राज्य में एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	2024-25	गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान	97.12
2.	2024-25	शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	94.76

(v) असम राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

क्र.सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	2015-16	गुवाहाटी में और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थलों का विकास	29.80

****